दिल्ली में नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, अमरोहा से दो आरोपी गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नकली नोट छापने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 44,500 रुपये के नकली भारतीय नोट, एक रंगीन प्रिंटर, कागज की शीट्स, कटर और असली नोट जैसा दिखने वाला हरा टेप बरामद किया गया है. यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक घर से की गई, जहां आरोपी नकली नोट छापने का काम कर रहे थे.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/delhi-police-busts-up-based-fake-currency-racket-2-held-lclk-dskc-2282145-2025-07-07